# ओडीओपी : 5565 इकाइयों और कारीगरों को 707 करोड़ का कर्ज



**सिद्धार्थनाथ ने कहा- हर जिले में बनाए जा रहे हैं सामान्य सुविधा केंद्र**

लखनऊ। प्रदेश में ओडीओपी वित्त पोषण सहायता योजना के तहत अभी तक 707 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है। इससे 5565 कारीगरों और इकाइयों को लाभ हुआ। इतनी ही नहीं 70 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार भी मिला। यह जानकारी प्रदेश के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि हर जिले में सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना कराई जा रही है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के नौ जिलों गाजियाबाद, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, आगरा, मुरादाबाद और भदोही में 73.54 करोड़ रुपये की लागत से सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) की स्थापना का कार्य भी शुरू हो चुका है। भदोही में कालीन उद्यमियों की सुविधा के लिए 8.69 करोड़ रुपये से कच्चा माल प्रोसेसिंग सेंटर बनाया जा रहा है। मुरादाबाद में ओडीओपी उत्पाद धातु शिल्प के निर्यात को बढ़ाने के लिए 9.58 करोड़ रुपये से हाईब्रिड इंटरप्राइजेज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सीएफसी की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

गाजियाबाद में भी ओडीओपी यांत्रिकी उत्पाद के लिए 14.88 करोड़ रुपये की लागत से सीएफसी स्थापित की जा रही है। मिर्जापुर में कालीन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 7.57 करोड़ रुपये की लागत से वूल यार्न प्रोसेसिंग सेंटर और रॉ-मेटेरियल बैंक से संबंधित सीएफसी स्थापित होगी। ब्यूरो